आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार
दिनांक : 09.03.2026 समय : 07.10

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – आयुष्मान भारत योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया जा रहा हैं।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज जबलपुर में वाईकल कैंसर टीकाकरण कार्यक्रम में शामिल हुए।
- ग्वालियर हाई कोर्ट का बड़ा फैसला— कांग्रेस विधायक मुकेश मल्होत्रा का निर्वाचन शून्य घोषित।
- अमरीका-इज़राइल संघर्ष के बीच 120 डॉलर पहुंचा कच्चे तेल का दाम; चर्चा के लिए जी-7 देशों ने बुलाई आपात बैठक।

प्रधानमंत्री - वेबिनार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारत का स्वास्थ्य ढांचा और मजबूत हुआ है। बजट उपरांत आयोजित वेबिनार सबका साथ सबका विकास - जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति' को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति केवल चर्चा का विषय नहीं है, बल्कि यह बजट का आधार और सरकार की प्रतिबद्धता है। उन्होंने कहा कि देश निवारक और समग्र स्वास्थ्य की दिशा में काम कर रहा है और कई जिलों में सैकड़ों नए मेडिकल कॉलेज खुल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना और आरोग्य मंदिर के माध्यम से पूरे देश के गांवों में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार हो रहा है, वहीं योग और आयुर्वेद की भारतीय परंपराएं विश्व स्तर पर लोकप्रियता हासिल कर रही हैं। देखभाल अर्थव्यवस्था के उदय पर जोर देते हुए श्री मोदी ने कहा कि देखभाल करने वालों की बढ़ती वैश्विक मांग देश के लाखों युवाओं के लिए कौशल आधारित रोजगार के नए अवसर पैदा कर रही है।

सर्वाइकल कैंसरः मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज जबलपुर के नेताजी सुभाषचंद्र बोस कल्चरल एंड इंर्फोमेशन सेंटर में महिलाओं के लिए आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर और एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में माताओं-बहनों के स्वास्थ्य की चिंता करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सर्वाइकल कैंसर बेटियों की जिंदगी में सबसे कठिन समय होता है। मध्यप्रदेश में बड़े पैमाने पर एचवीपी टीकाकरण अभियान की शुरुआत की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि..

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आहवान किया कि बहनें और बेटियां सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण का लाभ लेकर टीका अवश्य लगवा लें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने टीका लगवा चुकी बेटियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए। साथ ही जबलपुर में 37 करोड़ रूपये से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन भी किया।

राज्यसभा - पेट्रोलियम

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने आज राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में बताया कि देश में कच्चे तेल का अनुमानित अंतिम पुनर्प्राप्ति अनुमानित भंडार एक सौ 90 करोड़ मीट्रिक टन से अधिक और प्राकृतिक गैस का एक सौ 80 अरब घन मीटर से अधिक है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने आज राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में बताया कि कच्चे तेल का सिद्ध भंडार चार सौ 23 मीट्रिक टन से अधिक और प्राकृतिक गैस का पांच सौ 95 अरब घन मीटर से अधिक भंडार है। उन्होंने कहा कि सरकार ने भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के दौरान आपूर्ति में व्यवधान के जोखिम को कम करने और निर्बाध ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला बनाए रखने के लिए कई कदम उठाए हैं।

निर्वाचन शून्य घोषित

माननीय उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश के ग्वालियर खंडपीठ ने श्योपुर जिले के विजयपुर विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक मुकेश मल्होत्रा का निर्वाचन शून्य घोषित कर दिया है। न्यायमूर्ति जी.एस. अहलूवालिया की एकल पीठ ने आज यह महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए भाजपा प्रत्याशी और पूर्व मंत्री रामनिवास रावत को विजयपुर का नया विधायक घोषित किया है। अदालत ने पाया कि मुकेश मल्होत्रा ने नामांकन पत्र दाखिल करते समय अपने हलफनामे में आपराधिक रिकॉर्ड से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी छिपाई थी, जो निर्वाचन नियमों का गंभीर उल्लंघन है। रामनिवास रावत द्वारा दायर चुनाव याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने दूसरे स्थान पर रहे प्रत्याशी को विजेता घोषित करने का आदेश दिया।

कूनो राष्ट्रीय उद्यान

प्रदेश के श्योपुर जिले में स्थित कूनो राष्ट्रीय उद्यान में प्रोजेक्ट चीता के तहत नामीबियाई से आई चीता ज्वाला ने आज पांच शावकों को जन्म दिया है। इस जन्म के साथ, भारत में जन्मे स्वस्थ शावकों की संख्या बढ़कर 33 हो गई है। वहीं देश में चीतों की कुल आबादी अब 53 हो गई है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि कूनो राष्ट्रीय उद्यान के लिए यह अच्छी खबर है। यह वन्यजीव संरक्षण के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण है और भारत में चीतों के पुनर्वास के प्रयासों की सफलता का एक सशक्त प्रमाण भी है। वहीं केन्द्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने सोशल मीडिया पर जानकारी साझा करते हुए कहा कि भारत के चीता संरक्षण अभियान में एक और

महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की गई ंहै। उन्होंने कहा कि वन्यजीव संरक्षण के लिए यह एक ऐतिहासिक और हृदयस्पर्शी क्षण है।

**जी-7 आपात बैठक**

ईरान के साथ अमरीका-इस्राएल संघर्ष तेज़ होने से कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों पर चर्चा के लिए **जी-7** देशों ने आज एक आपात बैठक बुलाई है। **ब्रिटेन की वित्त मंत्री रेचल रीव्स** सहित प्रमुख देशों के वित्त मंत्री लगातार बढ़ते संघर्ष के आर्थिक प्रभाव पर चर्चा करेंगे। होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते कच्चे तेल की आपूर्ति में दीर्घकालिक व्यवधान की आशंकाओं के कारण वैश्विक बाज़ार में कच्चे तेल की कीमतें लगभग 120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई हैं। **जी-7** कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, ब्रिटेन और अमरीका सहित प्रमुख औद्योगिक देशों का समूह है और इसमें यूरोपीय संघ भी शामिल है।

**एफआईएच हॉकी**

हैदराबाद में एफआईएच विश्व कप महिला हॉकी क्वालीफायर के पूल बी के दूसरे मैच में आज भारत का सामना स्कॉटलैंड से होगा। मैच शाम साढे सात बजे से खेला जाएगा। कल, भारतीय टीम ने उरुग्वे पर 4-0 से शानदार जीत दर्ज की थी।

जूनियर डॉक्टर- हड़ताल

प्रदेश के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में कार्यरत लगभग 8 हजार जूनियर डॉक्टर आज सुबह से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। स्टाइपेंड संशोधन और बकाया एरियर के भुगतान की मांग को लेकर 'जूडा' के आह्वान पर किए गए इस कार्य बहिष्कार से प्रदेशभर की ओपीडी सेवाएं पूरी तरह ठप हो गई हैं। राजधानी भोपाल के हमीदिया अस्पताल सहित इंदौर और ग्वालियर के चिकित्सालयों में सामान्य ऑपरेशन टाल दिए गए हैं, हालांकि आपातकालीन सेवाएं सुचारू रूप से जारी हैं। उपमुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा है कि शासन स्तर पर मांगों के समाधान की प्रक्रिया चल रही है और उन्होंने डॉक्टरों से ड्यूटी पर लौटने की अपील की है।

समाचार संक्षेप में :-

- आगरमालवा में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए गठित दलों एवं सर्वेयरों को 12 मार्च को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

- बैतूल में सड़क सुरक्षा को लेकर कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने 15 मार्च से जिले के सभी शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के लिए दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना और चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य कर दिया है।
- देवास में लाइनमैन दिवस के अवसर पर 230 लाइन मैन स्टॉफ एवं उनके परिजनों की स्वास्थ्य जांच की गई।
- नर्मदापुरम में राष्ट्रीय बधिरता नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत जिला चिकित्सालय में 27 मरीजों की जांच तथा इलाज किया गया। इस दौरान श्रवण संबंधी बीमारियों की जानकारी और रोकथाम के उपाय बताए गए।
- सीहोर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में अस्मिता लीग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न आयु वर्ग की बालिकाओं एवं महिलाओं की दौड़ प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।
- खंडवा में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, श्री नीलकंठेश्वर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में तीन दिवसीय वार्षिक स्नेह सम्मेलन की शुरुआत देशी खेल प्रतियोगिताओं के साथ की गई।
- शहडोल में कल अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर 50 दिवसीय हस्तशिल्प व हथकरघा प्रशिक्षण शिविर शुरु किया गया। इस शिविर में महिलाएं काष्ट शिल्प, गोंड़ी पेंटिंग, कालीन एवं दरी बुनाई का प्रशिक्षण लेंगी।
- झाबुआ में आगामी जल गंगा संवर्धन अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर कलेक्टर नेहा मीना की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। यह अभियान वर्ष प्रतिपदा 19 मार्च से शुरू किया जाएगा।

-----------------------------